तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
700 घनमीटर रेत का अवैध भंडारण जब्त, चैन माउंटेन, जेसीबी, हाईवा, टीपर पर हुई कार्रवाई



## खबर संक्षेप

### आनलाईन जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु प्रशिक्षण आज

**कोरबा।** आरजीआई पोर्टल से आनलाईन जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु 13 फरवरी को जनपद पंचायत पोंड़ी उपरोड़ा के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से अपरांह 1 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारियों द्वारा दिया जायेगा। उधर 16 फरवरी को जनपद पंचायत कोरबा के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से अपरांह 1 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारियों द्वारा दिया जायेगा।

### भर्ती हेतु 27 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,जिला कोरबा द्वारा जारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों पर पात्र इच्छुक अभ्यर्थियों से 27 फरवरी शाम 5.30 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल पर देखा जा सकता है एवं जिला कोरबा के बेबसाईट में उपलब्ध है जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

### ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रतिबंधित

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुणाल दुदावत ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा जारी हाई स्कूल/ हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा कार्यक्रम एवं शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन एवं छात्र-छात्राओं की परीक्षाओं तैयारी में व्यवधान को रोकने हेतु विद्यार्थियों के हित में छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में 16 फरवरी से 31 मार्च तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है।

### बसाहट में आदर्श कॉलोनी विकसित होंगी

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने दीपका कोयला खदान विस्तार हेतु भूमि अधिग्रहण से प्रभावित हरदीबाजार क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए प्रस्तावित बसाहट स्थल ग्राम उतरदा का एसईसीएल अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने एसईसीएल अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हांकित भूमि में अलग-अलग सेक्टरों में सुव्यवस्थित कॉलोनी विकसित की जाए। इसके लिए चौड़ी सड़कें, व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, स्ट्रीट लाइट सहित आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएँ। कलेक्टर ने कॉलोनी तक पहुंच मार्ग में स्ट्रीट लाइट लगाने तथा चौड़ी सड़क निर्माण करने के निर्देश देते हुए इस क्षेत्र को आदर्श कॉलोनी के रूप में विकसित करने पर जोर दिया।

### रामसागर पारा में वजन उत्सव का आयोजन

**कोरबा।** शासन के निर्देशानुसार रामसागर पारा वार्ड क्रमांक 1 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों का वजन उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के सभी बच्चों का एक-एक कर इलेक्ट्रॉनिक मशीन से वजन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों के अभिभावकों को नियमित वजन कराने के महत्व एवं संतुलित और पौष्टिक आहार देने के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर शिशुवती एवं गर्भवती माताओं को भी पोषण संबंधी आवश्यक सुझाव प्रदान किए गए। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्पना हेड़ताल, राहिजा रविंद्रम, सुषमा राम, सहायिका विमल जगत, मितानिन कार्यकर्ता कृष्णा कुशवाहा, भगवती मरावी, संजना पटेल, मधु जगत, छाया मसीह सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# जनगणना कार्य में जुटेंगे जिले के 3 हजार से अधिक शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

आगामी 1 अप्रैल से शुरु होने वाली जनगणना के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाने का काम शिक्षा विभाग के द्वारा जिला सांख्यिकी विभाग के माध्यम से किया जाएगा। जनगणना के लिए प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों को अलग रखा गया है। इस कार्य में मीडिल स्कूल से लेकर हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। 3 हजार शिक्षक ऐसे हैं जिनकी जनगणना में तैनाती की जाएगी।

एसआईआर कार्यक्रम के दौरान प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों के द्वारा बीएलओ का कार्य किया गया था और अभी भी एसआईआर कार्यक्रम पूरा नहीं हुआ है। शिक्षकों के बीएलओ बनने से प्राइमरी स्कूल की पढ़ाई प्रभावित हुई। वहीं छमाही परीक्षा को भ्री स्थगित कर जनवरी में ली गई। 1 अप्रैल से शुरु होने वाले जनगणना कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों की ड्यूटी लगेगी। प्रारंभिक चरण में 3 हजार शिक्षकों को इसके लिए चयनित किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर इसके अतिरिक्त और भी शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा ⏭ शेष पेज 3 पर

### प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों को रखा गया है अलग

**खास बात**

- मीडिल से लेकर हाई स्कूल हायर सेकेंडरी के शिक्षकों की लगेगी ड्यूटी



**नहीं लगेगी ड्यूटी**

जनगणना कार्यक्रम के लिए रायपुर से दिशा निर्देश मिले हैं। इसके तहत एक पत्र मिला है जिसमें प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाए जाने के निर्देश दिए हैं। मीडिल से लेकर हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल के ही शिक्षकों की ड्यूटी लगेगी।

-टी पी उपाध्याय, डीईओ

### अतिथि शिक्षकों की नहीं लगाई जाएगी ड्यूटी

जनगणना कार्यक्रम के दौरान अतिथि शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। नियमित शिक्षकों को इस कार्य में लगाया जाएगा। दो चरणों में होने वाली जनगणना का पहला चरण अप्रैल से सितंबर तक चलेगा और दूसरा चरण फरवरी 2027 से शुरु होगा। कुल 18 माह जनगणना चलेगी। इसमें पहले चरण में मकानों की गणना होगी और दूसरे चरण में आम लोगों की गणना होगी। इन सबका प्रशिक्षण भी जिला स्तर में दिया जाएगा। मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण रायपुर में आयोजित किया जा रहा है।

## सुबह 5 बजे से कोयला खदानों में शुरु हो गई थी हड़ताल की गहमागहमी

# श्रम कानूनों के खिलाफ ट्रेड यूनियनों की हड़ताल कोयला खदानों के उत्पादन पर पड़ा असर



खदानों के बाहर प्रदर्शन करते ट्रेड यूनियन के नेता।



खदान में पसरा सन्नाटा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार द्वारा लाए गए श्रम कानून के विरोध में देश के सभी ट्रेड यूनियन के साथ 100 से अधिक जनसंगठनों के द्वारा गुरुवार को आहूत की गई देशव्यापी हड़ताल का कोयला क्षेत्र में व्यापक असर देखा गया। सुबह 5 बजे से ही यूनियन नेताओं की गहमागहमी खदानों के आसपास शुरु हो गई थी और अधिकांश कामगार सुबह होते ही हड़ताल में शामिल हो गए। इससे कोयला खदानों में कामगारों के नहीं पहुंचने पर उत्पादन प्रभावित हुआ। हड़ताल को कांग्रेस के द्वारा समर्थन दिए जाने से उसके कार्यकर्ता खदानों में सक्रिय देखे गए।

ट्रेड यूनियन की इस देशव्यापी हड़ताल में औद्योगिक क्षेत्रों के साथ साथ बीमा और बैंकिंग क्षेत्र में भी इसका असर देखा गया। सभी सरकारी बैंकों के कर्मचारी हड़ताल में शामिल रहे। जिससे बैंकों का भी कामकाज प्रभावित हुआ। इस हड़ताल से निजी बैंक अलग रहे। हड़ताल का व्यापक असर जिले के एसईसीएल खदानों में पड़ा। जहां कामगारों की ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- औद्योगिक क्षेत्रों के साथ कार्यालय में उपस्थिति रही काम

### खदानों में पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता

संयुक्त श्रम संगठन की मांगों के समर्थन में कांग्रेस कमेटी द्वारा खदान के अंदर घुसकर मशीनों को बंद करवाया गया। प्रमुख रूप से पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री हरीश परसाई, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभा तंवर, तनवीर अहमद, गोपाल यादव, विशाल शुक्ला, रामू कुमार, प्रशांति सिंह, हर्षित देवी एवं अन्य पार्षदगण ने विरोध कर अंदर की मशीनों को बंद कराया।

**हड़ताल का आंशिक असर**

श्रम संगठनों की हड़ताल का खदानों में आंशिक असर पड़ा है। 20 बड़ी खदानों में से 11 खदानों में सामान्य रुप से कामकाज चलता रहा। 9 खदानों में आंशिक असर रहा। कोरबा जिले के एसईसीएल खदानों में दीपका में कामकाज सामान्य रुप से चलता रहा। गेवरा में इसका आंशिक असर पड़ा लेकिन ठेका कंपनियों के द्वारा कामकाज किया जाता रहा। कुसमुण्डा में कुछ असर देखा गया।

- **डॉ सनीश चंद,** पीआरओ, एसईसीएल

### सीएसईबी में काली पट्टी लगाकर काम

इस हड़ताल को सीएसईबी की जनता यूनियन द्वारा भी समर्थन दिया गया। इस संगठन से जुड़े कर्मचारी आज काली पट्टी लगाकर काम किए। राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में छत्तीसगढ़ के बिजली कर्मियों ने गुरुवार को सांकेतिक हड़ताल कर जोरदार विरोध दर्ज कराया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के आह्वान पर प्रदेशभर में उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण इकाइयों के कर्मचारियों ने कार्यस्थलों पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष अनिल द्विवेदी और महासचिव अजय बाबर ने कहा कि प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक 2025 बिजली क्षेत्र के निजीकरण का रास्ता खोलता है। उनका आरोप है कि यदि यह विधेयक लागू होता है तो बिजली वितरण व्यवस्था निजी कंपनियों के हाथों में चली जाएगी, जिसका असर सीधे तौर पर उपभोक्ताओं, किसानों और कर्मचारियों पर पड़ेगा। यूनियन नेताओं ने आशंका जताई कि निजीकरण से बिजली दरों में बढ़ोतरी, सेवा सुरक्षा में कमी और कर्मचारियों के भविष्य पर संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने कहा कि बिजली जैसी सार्वजनिक उपयोगिता सेवा को निजी हाथों में सौंपना जनहित के खिलाफ है।



प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ता।

# कथित पत्रकार व वकिलों में विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तथाकथित पत्रकार द्वारा अधिवक्ताओं को लेकर सोशल मीडिया में खबर प्रसारित किया गया था। इस खबर को लेकर अधिवक्ता आक्रोशित थे। गुरुवार को तथाकथित पत्रकार जब कोर्ट परिसर अधिवक्ताओं का इसी संदर्भ में बयान लेने पहुंचा तभी कुछ अधिवक्ताओं की नजर उस पर पड़ी और खबर प्रसारण को लेकर तथाकथित पत्रकार के साथ उनका विवाद हो गया नौबत हाथापाई तक आ गई। बाद में सभी अधिवक्ताओं ने रैली की शक्ल में तथा कथित पत्रकार के खिलाफ लिखित में शिकायत करने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे थे। इसके उपरांत अधिवक्ताओं ने इस पूरे मामले का ज्ञापन जिला एंव सत्र न्यायाधीश को भी सौंपा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बालको क्षेत्र में निवास करने वाला एक तथाकथित पत्रकार मुकेश भारती ने अपने वेब पोर्टल पर अधिवक्ताओं को लेकर एक खबर प्रसारित किया था, जिसे लेकर अधिवक्ताओं में खासी नाराजगी थी। बताया जाता है कि मुकेश भारती गुरुवार की दोपहर कोर्ट परिसर पहुंचा था, जैसे ही इसकी भनक अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गणेश कुलदीप को लगी तो उन्होंने इस पूरे मामले को लेकर मुकेश भारती से सवाल जवाब किया इस दौरन कुछ और अधिवक्ता भी वहां पहुंच गये। बात इतनी बड़ गई की दोनों पक्षो के बीच हाथापाई होने लगी। इस दौरान कुछ वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने हस्तछेप कर मामले को शांत कराया। जिसके बाद मुकेश भारती सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और घटना की लिखित शिकायत की। जिसके बाद अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी बड़ी संख्या में रैली की शक्ल में ज्ञापन सौपने पुलिस अधीक्षक कार्यालय जा। बाद में अधिवक्ताओं ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश को भी ज्ञापन सौंप कर पूरे घटना क्रम से अवगत कराया। इस पूरे मामले को लेकर घंटों न्यायालय परिसर व एसपी कार्यालय में माहौल गर्म रहा।

**खास बात**

- ज्ञापन सौंपने रैली की शक्ल में अधिवक्ता पहुंचे थे एसपी कार्यालय

# अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत

**कोरबा।** जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम महौडीह की है। यहां निवासरत बंधन सिंह पिता स्व. हीरा सिंह बिंझवार 44 वर्ष की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था, जहां इलाज के दौरान बंधन सिंह की मौत हो गई। परिजनों ने जो पुलिस को बयान दिया है उसके मुताबिक बंधन सिंह की तबीयत खराब थी संभवत इसी वजह से उसकी मौत हुई है। पुलिस के मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी घटना कटघोरा थाना क्षेत्र की है। यहां निवासरत सत्यम सिंह उम्र 21 वर्ष पिता शिवरतन सिंह की भी इलाज के दौरान मेडिकल हॉस्पिटल में मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक सत्यम की पिछले कुछ महीनों से तबीयत खराब थी, जिसकी वजह से उसकी मौत हुई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# गांव में आकर छिपा था दुष्कर्मी, किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी अमृतलाल अघरिया को गिरफ्तार कर लिया। सूचना मिली थी कि वह गांव में आकर छिपा हुआ है। उसे आज कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी। थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक पीड़िता ने शिकायत की थी कि विवाह का झांसा देकर अघरिया लंबे समय से उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा था। पीड़िता ने विवाह के लिए दबाव बनाया तो व मुकर गया। इस घटना की सूचना पीड़िता ने अपने परिजनों को दी। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की खोजबीन शुरू की थी, जिसके बाद पुलिस ने गुरूवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# कलेक्टर ने नवीन कश्यप को किया जिला बदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-3 एवं 5 के तहत नवीन कश्यप उम्र 31 वर्ष, पिता-स्व. रामदयाल कश्यप, साकिन शांति नगर बल्गी, थाना बांकीमोंगरा जिला कोरबा को जिला बदर करते हुए आदेशित किया है कि वह 24 घंटे के अन्दर कोरबा तथा समीपवर्ती जिला बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायगढ़, सरगुजा, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले क्षेत्र से 1 वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जाएं और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए कोरबा जिले एवं उक्त उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश न करें। उन्होंने इस आदेश का तुरंत पालन किए जाने का निर्देश देते हुए कहा है कि आदेश का पालन न किए जाने पर संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## कई मवेशियों की चली गई जान, ग्रामीणों में आक्रोश

# 48 हाथियों के झुंड ने मचाई तबाही, कई ग्रामीणों के मकानों को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मंडल में विचरण कर रहा 48 हाथियों के झुंड ने बुधवार की रात जमकर उत्पात मचाते गांव में घुसकर जमकर तबाही मचायी है। जहां चार ग्रामीणों के मकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है, तो वहीं दूसरी ओर उनके मवेशी व जानवरों पर भी हाथियों का कहर बनकर टूटा है। बताया जाता है कि हाथियों ने कई मवेशियों को भी मौत के घाट उतार दिया है। वहीं किसानों के घर में रखे व पीडीएस के चावल को भी हाथियों ने चट कर दिया है। हाथियों के उत्पात की वजह से लोगों में खासा आक्रोश है। वहीं वन विभाग की टीम ने हाथी प्रभावित ग्रामीणों को आंगनबाड़ी में शिफ्ट कर दिया है। वन विभाग हाथियों की निगरानी कर लोगों को सावधान करने में लगी हुई है।

कटघोरा वनमंडल के पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कटोरी नगोई के आश्रित ग्राम धोबीबारी में पिछले कई दिनों से 48 हाथियों का उत्पात जारी है। हाथियों के झुंड ने गांव में धावा बोलकर कच्चे मकानों को तहस-नहस कर दिया। बताया जाता है कि बुधवार की रात आसपास हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश कर जाता है और भारी नुकसान पहुंचाता है। 11 फरवरी को हाथियों ने तीन बकरियों और एक गाय को मौत के घाट उतार दिया। जान बचाने के लिए ग्रामीणों को दूर भागना पड़ा। ग्रामीण सुनील पांडव, जगदेव पांडव और बंधन धोबी ने बताया कि हाथियों के हमले से मवेशियों के साथ-साथ फसलें भी बर्बाद हो चुकी हैं। पीडीएस से मिला राशन भी खत्म हो गया है, जिससे गांव में खाने-पीने का संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विभाग की कार्रवाई से न तो हाथी गांव से हट रहे हैं और न ⏭ शेष पेज 3 पर



हाथियों के हमले से मृत मवेशी।



हाथी हमले से क्षतिग्रस्त मकान।

### राजस्व कॉलोनी से सांप किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** रामपुर क्षेत्र के राजस्व कॉलोनी में कुछ महिलाएं इकट्ठा होकर घर के बाहर खड़े होकर बातचीत कर रही थीं तभी उनकी नज़र एक विशाल काय सांप पर पड़ी। सभी महिलाओं को लगा कि यह धमना सांप है यह सोच कर निश्चिन्त होकर भगाने का प्रयास करनी लगी तभी अचानक सांप फन फैला कर खड़ा हो गया। लोग हक्के बक्के रह गए फिर क्या था महिलाएं एवं बच्चों ने सांप से दूरी बना लिया। महिलाओं ने तत्काल इसकी सूचना वन्य जीव प्रेमी जितेंद्र सारथी को दिया, जिस पर थोड़ी देर में पहुंचने की बात कही। तब तक सांप रोड पर ही फन फैलाकर बैठा रहा। रेस्क्यू टीम कुछ ही समय में राजस्व कॉलोनी पहुंची और सांप को सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे जंगल छोड़ दिया गया।



स्पेशल: वर्ल्ड रेडियो-डे

## ज्ञान-विज्ञान-मनोरंजन का खजाना

# रेडियो का सफर है बहुत सुहाना

बच्चो, एक समय था, जब घर-घर में लोग रेडियो सुनते थे। रेडियो के माध्यम से देश-विदेश के समाचार मिलते थे। ज्ञान-विज्ञान का खजाना होता था रेडियो। मनोरंजन का एक बहुत बड़ा साधन था रेडियो। आज भी लोग रेडियो सुनते हैं, इसका अपना एक अलग महत्व है। रेडियो की शुरुआत कैसे हुई, तुम्हारे लिए इससे जुड़ी कुछ जानकारियां।

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, तुमने घर में अपने दादा जी को बड़े ध्यान से रेडियो सुनते देखा होगा। यही नहीं तुम भी कार या कैब में एफएम रेडियो पर सुरीले गीत और मनोरंजक कार्यक्रम सुनते होगे। तुम्हारे मन में कभी-कभी यह सवाल आता होगा, रेडियो की शुरुआत कैसे और कब हुई? यह कैसे इतना लोकप्रिय हो गया? आज विश्व रेडियो दिवस (13 फरवरी) के अवसर पर जानो, रेडियो से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

**संचार का सशक्त माध्यम:** बच्चो, रेडियो सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा दोस्त है, जो बिना चेहरा दिखाए हमें दुनिया से जोड़े रखता है। हर साल 13 फरवरी को दुनिया भर में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है, ताकि संचार के इस पुराने सशक्त माध्यम के महत्व को समझा और सराहा जा सके।

**स्वतंत्रता आंदोलन का साथी रेडियो:** बच्चो, भारत की आजादी की लड़ाई में रेडियो का बड़ा योगदान रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान रेडियो ने स्वतंत्रता सेनानियों के संदेश प्रसारित कर आम नागरिकों को जागरूक किया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उषा मेहता के 'कांग्रेस रेडियो' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'आजाद हिंद रेडियो' जैसे प्रयासों ने जन-जागरण में अहम भूमिका निभाई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से और बाद में सिंगापुर/रंगून से रेडियो के जरिए ही देशवासियों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी। रेडियो ने गांवों तक आजादी के संघर्ष की खबरें पहुंचाई, जिससे देश भर में एकजुटता बढ़ी। बच्चो, जरा सोचो रेडियो बिना लाखों लोगों तक हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज भला कैसे पहुंचती?



**ज्ञान के प्रसार में सहायक:** आजादी के बाद रेडियो ने साक्षरता, स्वास्थ्य, जागरूकता और कृषि ज्ञान के प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई। यह दूर-दराज के गांवों, पहाड़ी इलाकों और रेगिस्तानी क्षेत्रों में भी स्थानीय भाषाओं में समाचार और मनोरंजन प्रसारित करने वाला सबसे प्रभावी माध्यम बना। स्वतंत्रता की घोषणा से लेकर, महात्मा गांधी, पंडित नेहरू के भाषण और ऐतिहासिक पलों की कमेंट्री रेडियो ने ही घर-घर में पहुंचाई।

**संकटमोचन की भूमिका में रेडियो:** बच्चो, प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, चक्रवात आदि के समय जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, तब रेडियो ही दूर-दराज में रहने वाले देशवासियों को जरूरी सूचनाएं देता है। वर्तमान समय में आकाशवाणी और एफएम चैनलों के माध्यम से प्रधानमंत्री की 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए रेडियो देश के हर तबके तक जुड़ा हुआ है।

**रेडियो के विकास में भारत का योगदान:** वैसे तो पहला व्यावहारिक रेडियो 1895 में गुग्लिएल्मो मार्कोनी द्वारा बनाया गया था, लेकिन भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने 1895 में बिना तार के सिग्नल भेजने का प्रदर्शन कर दिया था। भारत में पहला रेडियो प्रसारण जून 1923 में बॉम्बे रेडियो क्लब द्वारा किया गया था। अपने देश का ऑल इंडिया रेडियो 99 प्रतिशत जनसंख्या तक पहुंच के साथ दुनिया के सबसे बड़े प्रसारकों में से एक है।



जगदीश चंद्र बसु

**जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक रेडियो:** बच्चो, रेडियो तरंगें अंतहीन होती हैं। यदि इन्हें कोई अवशोषित नहीं करता है तो ये अनंत काल तक यात्रा कर सकती हैं। रेडियो बिजली के बिना भी काम करता है। पुराने ट्रांजिस्टर (रेडियो) बैटरी या सेल से चलते थे। रेडियो तरंगें न केवल ध्वनि, बल्कि खगोलीय पिंडों (ग्रहों, तारों) से भी उत्सर्जित होती हैं, जिनका अध्ययन रेडियो टेलीस्कोप से किया जाता है।

**भारत में आकाशवाणी:** ऑल इंडिया रेडियो को 1957 में आधिकारिक तौर पर 'आकाशवाणी' का नाम दिया गया। 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को नेहरू जी का भाषण ऑल इंडिया रेडियो से ही प्रसारित हुआ था। मां दुर्गा की लोकप्रिय 'महिषासुर मोर्दिनी' (महालया) भारत के सबसे पुराने रेडियो कार्यक्रमों में से एक है, जो 1931 से प्रसारित हो रहा है। *

### कुछ रोचक तथ्य



**दुनिया का पहला रेडियो स्टेशन:** बच्चो, दुनिया का पहला व्यावसायिक रेडियो स्टेशन 1920 में अमेरिका में शुरू हुआ था, जबकि भारत में बड़े स्तर पर रेडियो प्रसारण 23 जुलाई 1927 को मुंबई से शुरू हुआ था।

**पहली सिग्नेचर धुन:** ऑल इंडिया रेडियो की मशहूर धुन किसी भारतीय ने नहीं बल्कि एक यहूदी शरणार्थी वाल्टर कॉफमैन ने बनाई थी, जो आज भी ऑल इंडिया रेडियो की पहचान है।

**रेडियो सुनने के लिए लाइसेंस:** आज लोग भले ही कभी भी कहीं भी रेडियो सुन सकते हैं, लेकिन 1920 के दशक में भारत में रेडियो सुनने के लिए बाकायदा लाइसेंस लेना पड़ता था। 1927 में अपने देश में रेडियो लाइसेंस धारकों की संख्या मात्र 3,594 थी।



# बहुत अनोखी झील है ब्लैक सी

बच्चो, दक्षिण-पूर्व यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित ब्लैक सी, कई मायने में सामान्य झीलों से अलग है। ब्लैक सी के निर्माण और इसकी कुछ विशेषताओं के बारे में तुम भी जानो।

यह भी जानो
नयनतारा

बच्चो, ब्लैक सी यानी काला सागर, वास्तव में कोई समुद्र नहीं बल्कि एक विशाल झील है। यह चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है। यह दक्षिण पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है। ब्लैक सी के तट छह देशों की सीमाओं को स्पर्श करते हैं। ये देश हैं- यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया।

**संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन:** भौतिक दृष्टि से ब्लैक सी संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन है। 'मेरोमिक्टिक' का अर्थ यह है कि इसका गहरा पानी अनॉक्सिक है यानी उसमें ऑक्सीजन का अभाव है। इस कारण उसका गहरा पानी, ऊपरी परत के ऑक्सीजन युक्त पानी में मिश्रित नहीं होता है। पानी में ऑक्सीजन न होने की वजह से यह 'डेड जोन' बन जाता है, जिसमें 150 मीटर के नीचे कोई समुद्री जंतु या पौधा जीवित नहीं रह पाता है।



**इसलिए कहते हैं ब्लैक सी:** बच्चो, तुम्हारे मन में सवाल उठता होगा कि इस झील को ब्लैक सी क्यों कहते हैं? दरअसल, अधिक ठंड के मौसम में ब्लैक सी में तेज तूफान उठता है, जिससे यह काले रंग के खतरनाक जल प्रवाह के रूप में दिखता है, इसीलिए इस झील को 'ब्लैक सी' नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, प्राचीन समय में तुर्की देश के नाविक उत्तर दिशा (जहां यह सागर स्थित है) को अपने कलर-कोडेड दिशा सूचक व्यवस्था में 'ब्लैक' कलर से प्रदर्शित करते थे, इसलिए भी इसे 'ब्लैक सी' कहा जाता है।

**ऐसे हुआ ब्लैक सी का निर्माण:** भू-वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक सी लगभग 7,500 साल पहले बनी, जब मेडिटेरेनियन यानी भूमध्य सागर में जबर्दस्त उफान आया और उसका विशाल जल प्रवाह बोस्फोरस स्ट्रेट (तुर्की के इस्तांबुल शहर में स्थित एक स्थल) को पार कर एक ताजा पानी की झील में पहुंच गया। इस प्रकार इस अनोखी झील, ब्लैक सी का निर्माण हुआ। *

### ब्लैक सी से जुड़े कुछ अन्य तथ्य

**ब्लैक सी** के गहरे पानी में चूंकि ऑक्सीजन नहीं है इसलिए उसमें मौजूद कोई भी लकड़ी हजारों साल तक गलती नहीं है। यही वजह है कि करीब 2,000 साल पहले इसमें डूबे पानी के जहाजों की लकड़ियां आज भी मौजूद हैं। इस सागर में लहरें नहीं उठती हैं, पानी किसी झील या तालाब की तरह शांत रहता है। नीचे का खारा पानी और ऊपर का ताजा पानी आपस में मिलते नहीं हैं। ऐसा लगता है जैसे दो अलग सागर एक-दूसरे के करीब हों।

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## दांत बन गए नेल कटर

अटर-पटर चटर-पटर,
गेहूं, चावल, दाल, मटर,
फल, मेवे, गुड़ और शक्कर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
झटपट ये बिल के अंदर,
चटपट आ जाते बाहर।
रोटी, बिस्कुट, ब्रेड, बटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
खाते प्लास्टिक की चेयर,
नरम पुराने फर्नीचर,
प्लास्टिक के पाइप, वायर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
तकिया, गद्दे और चादर,
कोट, शर्ट, ऊनी स्वेटर,
काट रहे पेपर-वेपर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
बड़े चटोरे, बड़े जबर,
मूंगफली, अखरोट कुतर,
दांत बन गए नेल कटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।



## बूझो तो जानें



1. गुजर सके हर एक वस्तु से
पर नजरों से गुम,
कहो कौन-सी किरणें हैं ये
जल्दी बूझो तुम।



2. एक मशीन इलेक्ट्रॉनिक है
बिजली से है चलता,
चित्र खींचता, खेल खिलाता
गणनाएं भी करता।।

3. चाहे हों ये दाएं-बाएं
अथवा ऊपर-नीचे,
लोहे की चीजों को झटपट
पलक झपकते खींचे।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर : 1.एक्स-रे, 2.कंप्यूटर, 3.चुंबक



## जीके क्विज-192

1. भारतीय टीम ने किस देश की टीम को हराकर अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. 'हैरी पॉटर' किसकी रचना है?
3. भारत के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
5. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
6. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
7. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?
8. सौरमंडल के किस ग्रह को 'लाल ग्रह' भी कहा जाता है?
9. नमक का रासायनिक नाम क्या है?
10. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी?



बच्चो, जीके क्विज-192 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-191 का उत्तर:** 1.निर्मला सीतारमण, 2.कलिंगा लांसर्स, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.पीवी सिंधु, 5.साइरस, 6.अजमेर और दिल्ली, 7.आर.के. षणमुखम चेट्टी, 8.बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, 9. प्लेटिनम, 10.ओडिशा


**जीके क्विज-191 का सही उत्तर देने वाले:** सतीश-रायपुर, आरसी-कोरबा, आदित्य-मुंगेली, श्रेया-गैसाबाद, कबीर-हिसार, विशाल-रोहतक, राजेश-रायपुर, पंकज-बिलासपुर, पल्लवी-बलौदा बाजार, हर्षित-महासमुंद, चंदन-रायगढ़



कहानी
हरीश कुमार अमित

परीक्षाएं क्या पास आईं, शशांक खेलना-कूदना बंद करके दिन-रात पढ़ाई में जुट गया। उसके दादा जी को इस तरह हमेशा पढ़ाई करते रहना सही नहीं लगा। एक दिन दादा जी ने शशांक को जो बातें समझाईं, अच्छे नंबर लाने के लिए, ये बातें हर बच्चे को जाननी चाहिए, तुम भी जानो।

# परीक्षा का तनाव



एआई इमेज

परीक्षा करीब आने से शशांक बड़े तनाव में था। कुछ दिनों बाद ही उसकी वार्षिक परीक्षाएं, जो शुरू होने वाली थीं। परीक्षा की तैयारी के लिए उसके स्कूल में छुट्टियां घोषित कर दी गई थीं। शशांक पढ़ने में होशियार था। हमेशा अच्छे अंक लाता था। उसके तनाव का कारण यह डर था कि कहीं इस बार उसके अंक कम न आ जाएं। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए वह सारा दिन पढ़ाई करता रहता। ज्यादा पढ़ाई करने के लिए उसने अपनी नींद भी कुछ कम कर दी थी।

एक दिन दोपहर के समय शशांक पढ़ाई कर रहा था कि तभी उसके होम टाऊन से दादा जी आ गए। साल में एक-दो बार वह कुछ दिनों के लिए शशांक के पास जरूर आ जाया करते हैं। दादा जी का साथ उसे बहुत भाता है। उनसे शशांक का दोस्त जैसा रिश्ता है।

शाम को दादा जी पार्क में सैर करने के लिए जाने लगे तो उन्होंने शशांक से पूछा, 'बेटा, क्या आज तुम्हें अपने दोस्तों के साथ खेलने नहीं जाना?'

'नहीं दादा जी, मुझे परीक्षा की तैयारी करनी है न, इसलिए इन दिनों शाम को दोस्तों के साथ खेलने के लिए नहीं जा रहा हूं।'

दादा जी सैर करके वापस आए, तो उन्होंने देखा कि शशांक अब भी अपनी किताब लिए बैठा है। यह देखकर उन्होंने हैरानी से पूछा, 'अरे बेटा, क्या बात है? तुम शाम को टीवी नहीं देख रहे? तुम तो शाम को टीवी देखा करते थे।'

'दादा जी, परीक्षाएं आने वाली हैं न, इसलिए इन दिनों टीवी देखना भी बंद है।' शशांक का जवाब सुनकर दादा जी चुप रहे, कुछ बोले नहीं। रात का खाना खाने के बाद दादा जी घर में ही थोड़ी देर टहलते जरूर हैं। उन्होंने शशांक को भी अपने साथ टहलने के लिए कहा, लेकिन उसने यह कहते हुए टहलने से मना कर दिया कि पढ़ाई करनी है, परीक्षाएं करीब हैं।

दादा जी हमेशा शशांक के कमरे में ही सोते हैं। रात को शशांक काफी देर बिस्तर पर ही बैठकर पढ़ाई करता रहा और फिर पढ़ते-पढ़ते ही सो गया। आधी रात को जब दादा जी की नींद खुली तो उन्होंने उठकर ट्यूबलाइट बंद की।

शशांक ने सुबह पांच बजे उठकर पढ़ने के लिए अलार्म लगाया हुआ था। सुबह जब अलार्म बजा तो वह बड़ी मुश्किल से उठ पाया। उसकी आंखों में नींद भरी थी। रात को देर से सोने के कारण वह ठीक तरह से पढ़ नहीं पा रहा था। बीच-बीच में उसे झपकी आ जाती।

छह बजे सैर करने जाते समय दादा जी ने शशांक से कहा कि वह भी थोड़ी देर सैर करने चले, लेकिन वह बोला, 'दादा जी, अब मुझे नींद आ रही है। मैं थोड़ी देर सोऊंगा।' दादा जी सैर करके घर वापस आए तब भी शशांक सो रहा था। वह तभी उठा जब मम्मी ने उससे कहा कि वह नाश्ता बनाने जा रही हैं, अब वह उठ जाए।

नाश्ता करने के बाद दादा जी ने शशांक को अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटा, तुम परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत तो बहुत कर रहे हो, लेकिन अगर तुम कुछ बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हें दो फायदे होंगे। एक तो तुम्हारी तैयारी और बढ़िया होगी और दूसरा, तुम्हें जो यह परीक्षा का डर सता रहा है, वह भी कम हो जाएगा।'

शशांक बड़े ध्यान से दादा जी की बात सुन रहा था। दादा जी आगे बोले, 'देखो बेटा, एक तो सारा दिन किताबें लेकर बैठने की बजाय बीच-बीच में थोड़ा ब्रेक ले लिया करो। थोड़ी देर दोस्तों के साथ खेलो, थोड़ी देर टीवी देखो, थोड़ी देर घर के लोगों से बातचीत करो। इसके अलावा इन दिनों अपनी नींद में भी कमी करने की जरूरत बिल्कुल नहीं है। पूरी नींद लो।'

'जी, दादा जी।' शशांक ने हामी भरी। 'इन बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हारा दिमाग तरोताजा रहेगा, याद भी अच्छी तरह होगा और परीक्षा की ओर अच्छी तैयारी कर पाओगे। परीक्षा का डर भी तुम्हें कम लगेगा।' दादा जी ने शशांक को समझाया।

'मैं समझ गया, दादा जी।' शशांक कहने लगा। दादा जी की इन बातों का पालन शशांक ने उसी दिन से करना शुरू कर दिया। परीक्षाओं से लगने वाला उसका डर-तनाव कम हो गया था। अब वह शांत मन से और अच्छी तरह पढ़ाई कर पा रहा था।

कुछ दिनों बाद जब उसका परीक्षा परिणाम आया, तो उसके अंक उसकी उम्मीद से बहुत ज्यादा अच्छे थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## समझदारी सिखाती प्यारी कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही एक बालकथा संग्रह 'दिन में सौ चांद' छपकर आया है। इसमें कुल पंद्रह कहानियां हैं। इनमें से अधिकतर कहानियों के पात्र पशु-पक्षी हैं। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हारा मनोरंजन तो होगा ही, इनसे तुम्हारे भीतर समझदारी भी विकसित होगी।


'दिन में सौ चांद' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह चतुर खरगोश, शेर को दिन में सौ चांद दिखाकर अपनी बात सही साबित कर देता है। सोनू, मोनू बकरियों और जंगू भेड़िए की कहानी 'सोनू की चालाकी' पढ़कर तुम सीख सकते हो कि अगर मुसीबत में भी धीरज और बुद्धि से काम लिया जाए तो मुसीबत से पार पाया जा सकता है। कुछ पक्षियों और एक सांप की कहानी 'हम अच्छे बने रहेंगे' यह सिखाती है कि अगर कोई हमारे साथ अच्छा व्यवहार न करे तो भी हमें अपना व्यवहार अच्छा ही रखना चाहिए। हमारा रूप-रंग कितना भी अच्छा क्यों न हो अगर हम परिश्रम नहीं करेंगे तो हमारा सम्मान नहीं होगा, यह सीख 'मेहनत का सम्मान' कहानी देती है। एक मछली और एक चिड़िया की दोस्ती की प्यारी सी कहानी है 'सोनचिड़ी और सोन मछली', जिसमें तुम पढ़ोगे कि सच्चा दोस्त वही होता है, जो मुसीबत में अपने दोस्त का साथ नहीं छोड़ता। इसी तरह 'सवाल का बवाल' कहानी पढ़कर तुम अपनी हंसी नहीं रोक पाओगे। कई रंगों की कहानियों से सजी यह किताब तुमको जरूर पसंद आएगी। *




**किताब:** दिन में सौ चांद (कहानी संग्रह),
**लेखक:** गोविंद शर्मा, **मूल्य:** 175 रुपए,
**प्रकाशक:** साहित्यागार, जयपुर

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट से पपी के दो चित्र दिए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



**उत्तर:** 1.पपी हाउस के ऊपर बाईं तरफ पेड़ की टहनी में एक पत्ती कम है। 2.पीछे बाईं तरफ शैडो कम दिख रही है। 3.पपी के बाएं पैर के ऊपर ब्राउन स्पॉट है। 4.पपी हाऊस में ऊपर दाईं तरफ चिमनी बनी हुई है। 5.नीचे दाईं तरफ पत्तियों का रंग अलग है।

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में हिरण के एक भूखे बच्चे को घास तक पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम हिरण के बच्चे को घास तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ, ताकि वह घास खाकर अपनी भूख मिटा सके।



## खबर संक्षेप

### सॉफ्टबॉल बॉल प्रतियोगिता में अनामिका ने जीता स्वर्ण पदक



**कोरबा।** बिलासपुर में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम की तरफ से शानदार प्रदर्शन करते हुए सेजेस कुसमुंडा की छात्रा अनामिका राठौर ने स्वर्ण पदक हासिल कर कुसमुंडा, कोरबा एवं पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया है। अनामिका राठौर जिले से राष्ट्रीय स्तर पर सॉफ्टबॉल में पदक जीतने वाली पहली बालिका खिलाड़ी है उनकी इस सफलता से जिले के उभरते खिलाड़ियों को नई प्रेरणा मिली है एवं खेल के क्षेत्र में कुसमुंडा की पहचान को राष्ट्रीय मंच पर मजबूत किया है कठिन परिश्रम अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर अनामिका राठौर ने यह मुकाम हासिल किया है इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों जिला खेल संघ एवं स्थानीय नागरिकों में हर्ष का माहौल है। छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल दल के सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन कोच मैनेजर की मेहनत की भी सर्वत्र सराहना की जा रही है। जिनके संयुक्त प्रयास से यह सफलता संभव हो सकी है इस मौके पर सेजेस कुसमुंडा प्राचार्य लक्ष्मीकांत साह, व्यायाम शिक्षक मानस केसरवानी एवं सभी अध्यापकों ने अनामिका राठौर को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कोसगाई मंदिर का जीर्णोद्धार कर पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग

**कोरबा।** कोसगाई मंदिर पोंडीखोह के जीर्णोद्धार एवं आवश्यक सुविधाओं की मांग ग्रामीणों के द्वारा कलेक्टर से की गई है। कलेक्टर को प्रेषित आवेदन में उल्लेख है कि कोसगाई मंदिर पोंडीखोह कोरबा एक प्राचीन एवं पवित्र धार्मिक स्थल है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं, किंतु वर्तमान में मंदिर परिसर की स्थिति अत्यंत जर्जर एवं चिंताजनक हो चुकी है। मंदिर की सीढ़ियों के दोनों किनारों में लगी रेलिंग एवं पिलर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं तथा उनमें से लोहे की छड़ें बाहर निकल आई हैं, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। वर्षा ऋतु में सीढ़ियों का हिस्सा बह जाने से मंदिर तक पहुंचना कठिन एवं जोखिमपूर्ण हो जाता है। मंदिर मार्ग पर स्थापित प्रकाश पोल पूरी तरह खराब हैं, जिसके कारण रात्रि के समय परिसर पूर्ण अंधकारमय रहता है। मुख्य मंदिर के समक्ष श्रद्धालुओं के बैठने हेतु बना शेड भी क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे वर्षा एवं धूप की वजह से श्रद्धालुओं को पूजन अर्चन में असुविधा होती है। पेयजल, प्रकाश और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव भी श्रद्धालुओं के लिए गंभीर समस्या बना हुआ है।

### शासकीय महाविद्यालय पाली में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब का हुआ गठन

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदान केंद्रों, सभी हायर सेकेण्डरी स्कूलों, कॉलेजों, उच्च शैक्षणिक संस्थानों में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब गठित की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज 11 फरवरी को शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली में सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह की उपस्थिति में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ई.एल.सी) का गठन किया गया। इस अवसर पर मतदाता साक्षरता क्लब (ई.एल.सी.) एवं विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर) के महत्व पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित ई.एल.सी. क्लब के मेंबर्स, युवा छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने मतदाता साक्षरता क्लब के गठन के उद्देश्यों के बारें में बताया। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) के महत्व के बारें में जानकारी देते हुए मज़बूत लोकतंत्र के निर्माण में युवाओं को एक मतदाता के रूप में पंजीकृत होकर अपनी जिम्मेदारी पूरी करने के लिए प्रेरित किये। सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी ने नवीन मतदाता के रूप में पहली बार मतदाता बनने जा रहें सभी युवाओं को राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्य को निभाने के लिए एक मतदाता के रूप में अनिवार्य रूप से अपना नाम पंजीकृत करवाने के लिए अपील की।

### जीर्ण एवं कष्टसाध्य रोगों में आयुर्वेदिक पंचकर्म से नई उम्मीद

**कोरबा।** आयुष विभाग अंतर्गत स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर, सह संस्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत राष्ट्रीय संधिवात कार्यक्रम के अंतर्गत संधिवात, अस्थिगतवात, वातरक्त, अवबाहुक जैसे जीर्ण एवं कष्टसाध्य रोगों का आयुर्वेदिक पंचकर्म चिकित्सा पद्धति द्वारा प्रभावी उपचार किया जा रहा है। आधुनिक जीवनशैली, खान-पान की अनियमितता और शारीरिक गतिविधियों में कमी के कारण कम आयु में भी अस्थि-संधिगतवात रोगों की संख्या बढ़ती जा रही है, जो अत्यंत चिंताजनक है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए केंद्र में पंचकर्म चिकित्सा के माध्यम से जनकल्याणकारी पहल संचालित की जा रही है। इस प्रयास का मूल उद्देश्य आमजन को आयुर्वेदिक पंचकर्म चिकित्सा पद्धति की सुरक्षित और प्रभावी भूमिका से अवगत कराना है। अस्थि-संधिगतवात रोगों की प्रारंभिक जांच के माध्यम से इनकी समय पर पहचान सुनिश्चित की जा रही है तथा पंचकर्म चिकित्सा के क्षेत्र में आयुष प्रणाली की क्षमता को जनसामान्य के समक्ष दृढ़ता से स्थापित किया जा रहा है। स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर कटघोरा में रोगियों की विस्तृत जांच, परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# धीरेंद्र शास्त्री के सान्निध्य में जिले में आयोजित होगी श्री हनुमंत कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक हनुमान जी के अनन्य भक्त संत धीरेंद्र शास्त्री के सान्निध्य में कोरबा की पावन धरा पर आयोजित होने जा रही दिव्य श्री हनुमंत कथा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को जश्न रिसॉर्ट में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में इस विराट आध्यात्मिक आयोजन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

बैठक में समाजसेवी राणा मुखर्जी ने भावुक स्वर में बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन के आयोजक स्वयं श्री बजरंग बली होंगे, जबकि समाज की सेवा में समर्पित कोरबा के सफाई कर्मी इस महायज्ञ में मुख्य यजमान की भूमिका निभाएंगे। बैठक में यह जानकारी दी गई कि 28 मार्च से 1 अप्रैल तक दिव्य श्री हनुमंत कथा का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व 27 मार्च को 21 हजार माताओं-बहनों के साथ भव्य कलश यात्रा निकालने का संकल्प लिया गया है, जिससे पूरे नगर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बनेगा। इस अवसर पर मंच से मार्गदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संभागीय संघचालक एवं विद्या भारती (मध्य क्षेत्र) के उपाध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर ने कहा कि भगवान श्रीराम के भक्त हनुमान जी ने भक्ति, सेवा और समर्पण का जो आदर्श प्रस्तुत किया है, वही आज के समाज का मार्गदर्शन है। बजरंग बली के अनन्य भक्त धीरेंद्र शास्त्री अपनी वाणी से भारतवर्ष ही नहीं, बल्कि विश्व को सनातन संस्कृति और राष्ट्रभाव की प्रेरणा दे रहे है। इस महाआयोजन के प्रमुख समन्वयक अपना घर सेवा आश्रम के अध्यक्ष राणा मुखर्जी ने बताया कि पूरी समय-सारणी तय कर ली गई है और आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए सभी विभागों में जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। वरिष्ठ पत्रकार एवं कमला नेहरू महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा ने सुझाव दिया कि सहयोग के सभी मार्ग खुले रखे जाएं। बड़ी राशि देने वालों से लेकर सामान्य श्रद्धालु तक अपनी सामर्थ्य अनुसार सहयोग कर सकें। इसके लिए डिजिटल माध्यम (क्यूआर कोड) जैसी सुविधा भी उपलब्ध कराई जा सकती है।

## तैयारियों को लेकर बैठक में बनी विस्तृत रूपरेखा

**खास बात**

- 28 मार्च से 1 अप्रैल तक कटघोरा ब्लॉक के ग्राम ढपढप में होगा आयोजन




## कालोनी के पार्ट 1, पार्ट 2 के कार्यों की धीमी गति से हुए नाराज

# निर्माणाधीन पीएम आवास कॉलोनी का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत दादरखुर्द क्षेत्र में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों से आवास निर्माण की वर्तमान स्थिति, प्रगति एवं शेष कार्यों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री दुदावत ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप किए जाएं। उन्होंने पेंटिंग, इंटीरियर एवं अन्य लंबित कार्यों को समय-सीमा के भीतर सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हितग्राहियों को आवास हस्तांतरण से पूर्व सभी आवश्यक कार्य पूर्ण होना अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कॉलोनी के पार्ट-वन एवं पार्ट-टू के कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्यों में तेजी लाई जाए तथा संपूर्ण निर्माण शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने श्रमिकों (लेबर) की संख्या बढ़ाकर कार्य को गति देने और प्रतिदिन प्रगति की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को कॉलोनी में समुचित विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में निवासियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने ठेकेदार एवं विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि मार्च माह तक आवास निर्माण के साथ विद्युत सहित सभी आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिए जाएं।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

### प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा लाइवलीहुड कॉलेज कोरबा में विभिन्न योजनाओं के तहत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, प्रगति तथा हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत टेलर (दर्जी) एडवांस्ड कोर्स के हितग्राहियों से चर्चा कर प्रशिक्षण एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। हितग्राहियों ने बताया कि बुनियादी कौशल प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत एक लाख रुपये का लोन प्राप्त कर उसका उपयोग टेलरिंग व्यवसाय में किया गया है। सभी हितग्राहियों का उद्यम पंजीयन पूर्ण हो चुका है तथा वे वर्तमान में एडवांस्ड कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण अवधि में हितग्राहियों को पांच सौ रुपये प्रतिदिन की दर से कुल 7 हजार 500 रुपये की प्रशिक्षण प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।कलेक्टर श्री दुद्धावत ने बालको द्वारा संचालित सीजीपीएससी एवं सीजी व्यापमं प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग ले रहे हितग्राहियों से भी संवाद किया। -होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपलब्धता, अध्ययन सामग्री तथा छात्रों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन किया।

### बरबसपुर डंप यार्ड का किया निरीक्षण



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बरबसपुर स्थित निगम के डंप यार्ड (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र) का निरीक्षण किया। उन्होंने यहाँ संग्रहित कचरे की प्रोसेसिंग, कंपोस्ट निर्माण तथा अनुपयोगी सामग्री के पृथक्करण हेतु स्थापित यूनिटों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मशीन तक कचरा लाने के लिए चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाए तथा मशीनों का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बारिश के समय कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसके लिए पूर्व तैयारी की जाए। कलेक्टर श्री दुदावत ने डंप यार्ड परिसर के आसपास पौधरोपण कर हराभरा वातावरण विकसित करने, बाउंड्रीवाल निर्माण को प्राथमिकता देने तथा संग्रहित कचरे से उत्पन्न दुर्गंध की रोकथाम हेतु प्रभावी उपाय करने के निर्देश दिए।

# हाईटेक बस स्टैंड व 100 बेड अस्पताल के लिए कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर के समग्र विकास की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए कलेक्टर ने कटघोरा में प्रस्तावित हाईटेक बस स्टैंड एवं 100 बिस्तर अस्पताल के लिए चिन्हित स्थलों का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल व नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कटघोरा के विकास के लिए नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने कलेक्टर के समक्ष शहीद वीर नारायण चौक से हनुमानगढ़ी तक गौरव पथ निर्माण का प्रस्ताव रखा,जिस पर कलेक्टर ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया व कलेक्टर ने राज जायसवाल को कटघोरा के तीनों प्रमुख मार्ग बिलासपुर रोड, अंबिकापुर रोड एवं कोरबा रोड के लिए अलग-अलग स्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करने के की बात कही उन्होंने कहा कि इन सड़कों के विकास से शहर की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि कटघोरा के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रस्तावित योजनाओं पर शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाए ताकि आम जनता को जल्द से जल्द सुविधाओं का लाभ मिल सके। कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल ने बताया कि हाईटेक बस स्टैंड और 100 बेड अस्पताल बनने से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी तथा यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी उन्होंने कटघोरा के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त किया। स्थानीय नागरिकों में इस घोषणा से उत्साह का माहौल है और लोगों को उम्मीद है कि आने वाले समय में कटघोरा एक आधुनिक एवं सुव्यवस्थित नगर के रूप में उभरेगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री संजय शर्मा,मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग,पार्षद पवन अग्रवाल ,सहित सभी अधिकारी कर्मचारि व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत मामले की जांच कर रही पुलिस

**सक्ती।** बुधवार शाम एक दर्दनाक घटना में 28 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक ने रेलवे फाटक के पास अपनी बाइक खड़ी कर अचानक ट्रैक पर खड़े होकर सामने से आ रही गोंडवाना एक्सप्रेस के सामने छलांग लगा दी। युवक उछलकर पटरी पर गिर पड़ा और ट्रेन उसके ऊपर से गुजर गई। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के तुरंत बाद ट्रेन चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को ट्रेन के नीचे से बाहर निकाला। घायल युवक को एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया।

# डीएवी स्कूल में मनाई गई महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में डीएवी संस्था के संस्थापक, महान समाज सुधारक एवं वैदिक विचारधारा के अग्रदूत महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वैदिक हवन का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। हवन के पश्चात कक्षा सप्तम की दो प्रतिभाशाली छात्राओं ने स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन एवं विचारों पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। सर्वप्रथम कक्षा सातवीं की छात्रा त्रिशा कुर्रे ने महर्षि जी के जीवन संघर्ष, उनकी जिज्ञासु प्रवृत्ति एवं वेदों के प्रति उनकी अटूट आस्था पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत कक्षा सातवीं की ही छात्रा अनन्या ने उनके समाज सुधार के प्रयासों, कुरीतियों के विरोध तथा राष्ट्र एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान का अत्यंत प्रेरणादायक वर्णन किया। दोनों छात्राओं के वक्तव्यों ने उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री हेमंतो मुखर्जी ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए महर्षि दयानंद सरस्वती जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला।

# जेसीआई द्वारा भगवान शिवजी की विशाल प्रतिमा का भव्य अनावरण 15 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जेसीआई कोरबा सेंट्रल, जेसीआई लीजेंड एवं जेसीरेट के संयुक्त तत्वाधान से कोरबा मोतीसागरपारा स्थित मुक्तिधाम में 18 फीट ऊँची भगवान शिवजी की भव्य प्रतिमा स्थापित किया गया है जिसका अनावरण 15 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन आयोजित होना है। संस्था के सचिव जेसी निश्चल टमकोरिया ने बताया कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही कार्यक्रम में शहर के समाजसेवी, व्यापारी वर्ग सहित अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। मुक्तिधाम परिसर में भगवान शिवजी की प्रतिमा को स्थापना का उद्देश्य यह है कि यहां आने वाले दिवंगत आत्माओं के परिजन उनके लिए श्रद्धापूर्वक प्रार्थना कर सकें तथा भगवान शिव की दिव्य कृपा से दिवंगत आत्माओं को शांति प्राप्त हो। साथ ही शोकाकुल परिवारों को मानसिक संबल, आध्यात्मिक शक्ति एवं आत्मिक शांति मिल सके। प्रतिमा की 18 फीट ऊँचाई एवं विशिष्ट स्वरूप की यह प्रतिमा कोरबा शहर तथा आसपास के क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रथम स्थापना मानी जा रही है। संस्था का विश्वास है कि नागरिको के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनेगा। जेसीआई कोरबा सेंट्रल लगभग विगत 20 वर्षो से नगर निगम के सहयोग से इस मुक्तिधाम का रख-रखाव कर रही है।

### चैतुरगढ़ थंडर राइड साइकिल रेस 15 से

**कोरबा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आगामी 15 व 16 फरवरी को दो दिवसीय पाली महोत्सव का आयोजन ग्राम केराझरिया, पाली के महोत्सव ग्राउंड में किया जा रहा है। स्थानीय संस्कृति के संरक्षण और पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महोत्सव के पहले दिन पाली चैतुरगढ़ थंडर राइड साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह रेस पाली से शुरू होकर चैतुरगढ़ तक संपन्न होगी, जिसमें 15 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरुष प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। जिसमें महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 25 हजार रुपये, द्वितीय स्थान हेतु 15 हजार रुपये और तृतीय स्थान के लिए 10 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जनगणना में जुटेंगे...

सकती है। पहली बार हो रही डिजीटल तरीके से हो रही जनगणना में उन्हीं शिक्षकों की ड्यूटी लगेगी जो डिजीटल तकनीक में दक्ष हैं और इसके लिए मीडिल से लेकर हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल के शिक्षकों को ही चयनित किया गया है। इसके लिए जनगणना शुरु होने के पूर्व प्रगणक की ड्यूटी के रुप में कार्य करने वाले डिजीटल के क्षेत्र में दक्ष शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। बोर्ड और घरेलू परीक्षा संपन्न होने के बाद शिक्षकों को इस कार्य में लगाया जाएगा।

### श्रम कानूनों के...

उपस्थिति सामान्य दिनों की तुलना में कम रही। वहीं दफ्तरों में भी कर्मचारियों की उपस्थिति कम होने के कारण खदान से लेकर दफ्तर तक सन्नाटा पसरा रहा। एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा कामगारों से हड़ताल में शामिल ना होने के लिए की गई अपील का भी असर नजर नहीं आया। कोल सेक्टर में बीएमएस को छोड़कर अन्य सभी श्रमिक संगठन हड़ताल पर हैं। कोरबा सहित अन्य जिलों में स्थित एसईसीएल की कोयला खदानों और वर्कशॉप में सुबह 5 बजे की पाली में इंटक सहित अन्य श्रमिक संगठन सक्रिय हो और गए और कर्मचारियों से हड़ताल के लिए समर्थन मांगा। इस पाली में अधिकांश श्रमिक अनुपस्थित रहे वहीं ड्यूटी के लिए जो भी कर्मचारी पहुंचे उनमें से आधे लौट गए। एसईसीएल में साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस (इंटक) के प्रमुख गोपाल नारायण ने बताया कि कोलफील्ड में चल रही हड़ताल को लगभग 80 प्रतिशत फीसदी कर्मचारी और मजदूरों का समर्थन मिल रहा है, और इसका कोल उत्पादन पर व्यापक असर पड़ रहा है। यूनियनों का आरोप है कि व्यापक विरोध के बावजूद अधिसूचित की गई चार श्रम संहिताएं श्रमिक हितों के प्रतिकूल हैं। उनका कहना है कि यह हड़ताल श्रमिकों के अधिकारों, सार्वजनिक उपक्रमों और व्यापक जनहित की रक्षा के लिए आयोजित की जा रही है।

### 48 हाथियों के...

ही लोगों को सुरक्षा मिल पा रही है। वहीं कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि जिन ग्रामीणों के मकानों को हाथियों ने तोड़ा है उन पीड़ित परिवारों को गांव के आंगनबाड़ी में शिफ्ट किया गया है, जहां उन्हें सारी सुविधा मुहैय्या करायी जा रही है। साथ ही हाथियों की निगरानी के लिए टीम लगातार कार्य कर रही है।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

**आम ईश्तहार**

संपा गांगुली वगै. आवदेक/वादी
बनाम
शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक वगै. अनावेदक/प्रतिवादी

प्रोसेस क्र 52/2026
प्र.क्र. उत्तराधिकार 03/2026
पेशी तारीख 09/03/2026

उपरोक्त आवदेक/वादी संपा गांगुली वगै. ने अनावेदक/ प्रतिवादी शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक वगैरह के विरूद्ध भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 372 के तहत न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा जिला कोरबा आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 09/03/2026 तिथि नियत है।

अतः अनावेदक/प्रतिवादी आम जनता (जिसका इससे कोई संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 09/03/2026 को दिन 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी।

नोट - अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 07/02/2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(डॉली ध्रुव)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)

PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME PUBLIC NOTICE

I hitherto known as BEAUTY SINGH daughter of TARKESHVAR SINGH employed as Sr. Service Coordinator in Cummins Sales and Service Pvt Ltd, Noida, Uttar Pradesh residing at House No. 6/KH Patwari Karyalay Mohalla, Gram-Pali, PO: Pandania, Distt. Korba, Chhattisgarh 495454 have changed my name and shall hereafter be known as AVNI SINGH.It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

BEAUTY SINGH

द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

**आम ईश्तहार**

दुकालू राम मंझवार आवदेक/वादी
बनाम
शाखा प्रबंधक वगैरह अनावेदक/प्रतिवादी

प्रोसेस क्र 44/2026
प्र.क्र. 02/2026
पेशी तारीख 24/02/2026

उपरोक्त आवदेक/वादी दुकालू राम मंझवार ने अनावेदक/ प्रतिवादी शाखा प्रबंधक वगैरह के विरूद्ध भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 372 के तहत न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा जिला कोरबा आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 24/02/2026 तिथि नियत है।

अतः अनावेदक/प्रतिवादी आम जनता (जिसका इससे कोई संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 24/02/2026 को दिन 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी।

नोट - अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 06/02/2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(डॉली ध्रुव)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### भागवताचार्य दयानंद कृष्ण ने, 16 श्रद्धालुओं को कराए वृंदावन धाम के दर्शन

**हरदीबाजार।** भागवताचार्य दयानंद कृष्ण महाराज जी वृंदावन धाम शिक्षाविद भलपहरी वाले के द्वारा 16 ग्रामीणों को भगवान श्री कृष्ण की नगरी वृंदावन धाम ब्रज में 84 कोसी दर्शन, बंशीवट, कीर्ति मंदिर दर्शन,मानसी गंगा गिरिराज महाराज, बरसाना गोपेश्वर नाथ के दर्शन कराकर प्रभु के लीला का प्रत्यक्ष रूपी रसपान कराया जा रहा है। इस दौरान सभी भक्त श्रद्धालुगण प्रभु श्री कृष्णा के नगरी में गंगा रूपी स्नान कर अपने और परिवार के लिए आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। यह धार्मिक व तिर्थ यात्रा पांच दीनों का था जो यात्रा कर सकुशल सभी वृंदावन से प्रभु की आशीर्वाद लेकर वापस लौटे।

### हरदीबाजार में मनाया गया वजन तिहार

**हरदीबाजार।** एकीकृत महिला बाल विकास हरदीबाजार परियोजना के अंतर्गत क्लस्टर 3 में वजन त्यौहार मनाया गया क्लस्टर अंतर्गत सम्मिलित 0 से 5 वर्ष के गर्भवती महिला किशोरी बालिकाओं का वजन एवं ऊंचाई नापा गया। अभिभावकों को पोषण रिपोर्ट कार्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्रीमती सनिता अनिल टंडन उपस्थित थे। उनके द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चों को न्योता भोज कराया गया, कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी हरदीबाजार टरकेश्वर लांजी, पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन ,हरदीबाजार सेक्टर प्रभारी हेमलता साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दिनेश्वरी बंजारे, शारदा राठौर, शिव कुमारी राज उपस्थित थे।

### रासेयो भैसमा के छात्रों ने की बाजार परिसर की सफाई



**भैसमा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैसमा एवं स्व. प्यारेलाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैसमा की एन.एस.एस. संयुक्त इकाई द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता रैली निकाली गई स्वयंसेवकों द्वारा नारा लगाया गया, प्रकृति के दुश्मन तीन। पाउच, पन्नी, पॉलिथीन ऐसे और भी नारे लगाए गए एवं दोनों संस्थाओं के स्वयंसेवकों द्वारा बाजार परिसर की साफ सफाई किया गया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं विद्यालय के प्राचार्य की मार्गदर्शन में कार्य संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी राजू कंवर सहायक प्राध्यापक व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैसमा के कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमार साहू एवं विद्यालय की क्रीड़ा प्रभारी श्रीमती सावित्री डडसेना साथ रही। साथ ही महाविद्यालय के वरिष्ठ स्वयंसेवक दिलेश्वर, अजय टंडन, पूजा, हेमंत राजपूत, पायल, श्रवण, ललिता, इमरान खान, शिवमणि और अन्य स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

### किशोर पब्लिक स्कूल फरसवानी में बाल मेले का हुआ आयोजन

**मड़वारानी।** ग्राम पंचायत फरसवानी स्थित किशोर पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा 5वीं से लेकर कक्षा 8वीं तक के छात्र छात्राओं ने विभिन्न तरह के व्यंजनों को बनाकर उसे बिक्री किया। वही छात्रों के परिजनों ने उस व्यंजनों का लुत्फ उठाया। मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें छात्रों ने अपने हाथों से बनाए गए उत्पादों को बेचा। छात्रों ने मेले में बहुत उत्साह और आनंद के साथ भाग लिया। प्रधापाठक चंद्रमौल द्विवेदी ने बताया कि बाल मेले का आयोजन हमारे स्कूल में एक वार्षिक परंपरा है। यह छात्रों को अपने कौशल और प्रतिभा को दिखाने का एक अच्छा अवसर है। हम उम्मीद करते हैं कि इस मेले से छात्रों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। बाल मेले का आयोजन बहुत सफल रहा। छात्रों ने बहुत आनंद लिया और अपने कौशल को दिखाया। स्कूल प्रशासन ने भी मेले की सफलता के लिए छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी।

# सीएमएचओ को निरीक्षण में आरोग्य मंदिर का मिला टूटा हुआ डिस्पले बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के द्वारा गुरुवार को शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर शिव नगर रूमगरा, चारपारा कोहड़यि तथा गेरवाघाट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दौरान उन्होने अधिकारियों/कर्मचारियों का उपस्थिति रजिस्टर, ओ.पी.डी., आई.पी.डी, प्रसव कक्ष,पीएनसी कक्ष दवा वितरण कक्ष, दवा भंडार कक्ष पैथोलॉजी कक्ष, वैक्सीनेशन कक्ष का निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान उन्होने आवष्यक दस्तावेजों की जॉच किया तथा कमियों में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिये।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर गेरवाघाट में निरीक्षण के दौरान परिसर एवं वाशरूम तथा स्टोर में रखे सामानों तथा उपकरणों की साफ-सफाई करने, पानी की समुचित व्यवस्था करने नल लगाने, दैनिक ओपीडी अद्यतन करने, सिकल सेल स्क्रीनिंग का रिकार्ड संघारित करने, दवाईयों की कमी होने पर सीजीएमएससी ड्रग वेयर हाउस से समन्वय कर प्राप्त करने तथा जो दवाईयाँ सीजीएमएससी में उपलब्ध न हो, मांग पत्र जिला कार्यालय को भेजने तथा औषधि प्राप्त एवं वितरण रजिस्टर संधारित करने के निर्देश दिए।

### स्टोर रुम और वाशरुम में नहीं मिली सफाई

**खास बात**

- आरोग्य मंदिर के निरीक्षण के दौरान दस्तावेजों की हुई जांच तथा निरीक्षण में मिली खामियां



मॉंगपत्र भेजने, अस्पताल में आने वाले मरीजों का आभा आई डी बनाने तथा अस्पताल के प्रमुख द्वार पर बोर्ड लगाने जिसमे लिखा हो कि अस्पताल आने पर अपना मोबाईल नं., आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड लाना अनिवार्य रूप से लाएं ,जिनका आयुष्मान कार्ड वयवंदन कार्ड नहीं बना है उसे बनाने निर्देशित किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर शिवनगर में टूटे हुए डिसप्ले बोर्ड तुरंत लगाने , अस्पताल में एक जवाबदेह कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा जैव अपशिष्ट का उचित निपटान करने, कचरा गाड़ी द्वारा कचरा संग्रहण का एक रजिस्टर संधारित करने के निर्देश दिये। आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोहडिया चारपारा में चतुर्थ श्रेणी के 10-12 दिनों से अनाधिकृत अनुपस्थित रहने पर नियमानुसार कार्यवाही करने, ओपीडी में आने वाले सभी मरीजों का आभा आईडी बनाने , एनसीडी स्क्रीनिंग कर ऑनलाईन पोर्टल में इन्द्राज करने, ड्यूटीरत स्टाफ नर्स को निर्धारित गणवेश में उपस्थित रहने, संस्था में टेब. पैरासिटामॉल, ग्लोकोस्ट्रीप नहीं होने के कारण तत्काल

### स्वामी भजनानंद वनवासी सेवा आश्रम केन्दई में प्रतिवर्ष लगता है स्वास्थ्य शिविर

# कर्दम तीर्थ में लगा स्वास्थ्य शिविर, 5 सौ ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कर्दम तीर्थ में स्थित स्वामी भजनानंद वनवासी सेवा आश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका आयोजन दैवी संपद के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती के सानिध्य में संचालित किया गया।



ब्रह्मलीन परमहंस स्वामी शारदानंद सरस्वती द्वारा स्थापित आश्रम की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आयोजित शिविर का उद्देश्य ग्रामीण, वनवासी एवं जरूरतमंद लोगों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करना है। यह स्वास्थ्य शिविर 47 वें विष्णु महायज्ञ के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कदम तीर्थ केंद्र में पिछले कई वर्षों से लगातार इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से अब तक हजारों लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार का लाभ मिल चुका है। आंखों की जांच और चश्मे का वितरण भी किया जाता है। आश्रम द्वारा संचालित यह पहल क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। शिविर में डीएनबी न्यूरोलॉजिस्ट डा. रजनीश पाण्डेय और साथी डाक्टर्स की टीम और उनके साथ सहयोगियों ने मानव सेवा की जो मिशाल प्रस्तुत की। पूज्य महाराज के स्नेह पात्र वनवासियों भाई बहनों, बच्चों के स्वास्थ्य की देख रेख के लिए टीम पूरे दिन आश्रम में सेवा में लगी रही। स्वास्थ्य शिविर माता गिरिजेश नंदिनी देखरेख में संचालित हुआ। शिविर में बिलासपुर से अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम निःशुल्क अपनी सेवाएं देने पहुंची इस टीम में डीएनबी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रजनीश पाण्डेय, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र भूषण देवांगन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वैभव कौशिक, एमडी फिजिशियन डॉ. मनोज मिश्रा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. इप्शिता प्रियदर्शनी एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप तिवारी अपनी टीम के साथ शामिल हुए। शिविर के दौरान रोगियों के खून, बीएमडी टेस्ट, ब्लड शुगर एवं थायरॉइड की जांच, नेत्र परीक्षण तथा अन्य आवश्यक चिकित्सकीय जांच की गई। मरीजों को उचित परामर्श, दवाइयों के संबंध में आगे के उपचार की संबंधी परामर्श दिया गया।



स्वास्थ्य शिविर में उपचार कराते ग्रामीण।

जरूरतमंदवासियों को 17 फरवरी को चश्मा वितरण किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने के लिए प्रवीण शुक्ला, महेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, मोहन, दीपक,रमेश, पवन, दिनेश, सुरेश, विकास, अवधेश, केशव, सौम्य उज्जवल सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा। प्रथम हॉस्पिटल बिलासपुर के संचालक डा रजनीश पांडे ने आश्वस्त किया कि भविष्य में आश्रम के जिस भी वनवासी भाई बहनों को स्वास्थ्य संबंधी कोई भी परेशानी होगी तो वे उनका निः शुल्क इलाज बिलासपुर हॉस्पिटल में करेंगे। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि समय समय पर यहां शिविर की जरूरत है जिससे वनवासियों को निरंतर ट्रीटमेंट मिलता रहे।







# 700 घनमीटर रेत का अवैध भंडारण जब्त, चैन माउंटेन, जेसीबी, हाईवा, टीपर पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- खनिज विभाग का विशेष अभियान, तस्करों में हड़कंप





कार्यवाही के दौरान जप्त टीपर व जेसीबी मशीन।

जिले में लगभग 700 घनमीटर रेत का अवैध भंडारण कर तस्करों ने छिपाया था। जैसे ही इसकी भनक खनिज विभाग को लगी तो खनिज विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी और 700 घनमीटर रेत का अवैध भंडारण को जब्त कर लिया है। साथ ही खनिज विभाग की टीम ने अलग अलग स्थानों में दबिश देकर मिट्टी का अवैध रूप से उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए चैन माउंटेन, जेसीबी, हाईवा, टीपर जैसे वाहनों को जब्त किया है। खनिज विभाग की इस कार्यवाही से इस अवैध कारोबार में जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

जिले में रेत व मिट्टी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले तस्कर लगातार सक्रिय हैं और हसदेव नदी सहित आसपास के कई इलाकों में अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर रेत का अवैध भंडारण किया जा रहा था। बताया जाता है कि प्रगतिनगर में लगभग 700 घनमीटर से अधिक रेत का अवैध भंडारण किया गया था। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर उप संचालक खनिज विभाग प्रमोद नायक, सहायक खनिज अधिकारी राकेश वर्मा व उनकी टीम ने चारपारा प्रगतिनगर में मौके पर दबिश दी और अवैध भंडारण को लेकर जब रेत को लेकर दस्तावेज की मांग की गई तो उसके द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद लाखों रूपये कीमती लगभग 700 घनमीटर रेत के अवैध भंडारण को खनिज विभाग ने जब्त कर लिया है और अवैध भंडारण करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इसी तरह खनिज विभाग की टीम ने जिले में छापामार कार्यवाही करते हुए 2 ट्रक, 4 हाइवा, 1 जेसीबी, 1 चैन माउंट मशीन और 1 टिप्पर को जप्त किया हैं। बताया जा रहा हैं की ये सभी वाहन मिट्टी का अवैध उत्खनन व परिवहन में लगे हुए थे। यह कार्यवाही छुरी, कसरेंगा, कटघोरा में की गई है। सहायक उप संचालक प्रमोद कुमार नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि जब्त वाहन बिना वैध अनुमति और दस्तावेजों के खनिज परिवहन कर रहे थे, जो कि नियमों का खुला उल्लंघन है। सभी मामलों में खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। खनिज विभाग द्वारा लंबे समय बाद जिले में बड़ी कार्यवाही की गई है। जिससे इस अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। ज्ञात रहे कि इससे पहले भी खनिज विभाग की टीम ने सर्वमंगला क्षेत्र में सबसे बड़ी कार्यवाही रेत के अवैध भंडारण पर कार्यवाही की थी, जिससे रेत तस्कारों के हौसले पस्त हो गए थे। एक बार फिर से रेत तस्कर जिले में सक्रिय होने लगे हैं। खासतौर पर हसदेव नदी में बड़े पैमाने पर रेत का अवेध उत्खनन कर खपाने का गोरख धंधा किया जा रहा है।

# महामृत्युंजय मंदिर से निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



निगम की आवासीय कालोनी स्थित श्री महामृत्युंजय मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महामृत्युंजय मंदिर में 12 फरवरी से पांच दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ हुआ है, जो 16 फरवरी तक निरंतर जारी रहेगा तथा इस दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजन सम्पन्न किए जाएंगे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी निगम आवासीय परिसर में स्थित श्री महामृत्युंजय शिव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है, यह 43वां आयोजन है। श्री महामृत्युंजय शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष अरूण कुमार शर्मा ने बताया कि आचार्य नागेन्द्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव के प्रथम दिवस आज मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, वहीं पंचांग पूजन एवं यज्ञ मण्डप प्रवेश आदि के आयोजन सम्पन्न किए गए। उन्होने बताया कि 13 फरवरी को अग्नि स्थापना एवं यज्ञ प्रारंभ आयोजन, 14 फरवरी को देवपूजन एवं यज्ञाहुति, 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व, रूद्राभिषेक, देवपूजन एवं यज्ञाहुति जिसमें रूद्राभिषेक का कार्यक्रम रात्रि साढे.8 बजे से प्रारंभ होगा, वहीं 16 फरवरी को यज्ञ की पूर्णाहुति व वसोधारा एवं सहस्त्रधारा आदि के सुंदर धार्मिक आयोजन सम्पन्न कराए जाएंगे।

### शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर भोग का होगा वितरण

**हरदीबाजार।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हरदीबाजार शांतिनगर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में लगातार 13 वर्षों से विशेष पूजा अर्चना कर खीर-पूड़ी प्रसाद का वितरण किया जाता रहा है । आदिदेव महादेव को खीर-पूड़ी प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। मंदिर संयोजक राजाराम राठौर ने बताया कि इस वर्ष एसईसीएल दीपका कोयला खदान से प्रभावित होने की वज़ह से लोगों की आबादी घट गई है, जिससे खीर-पूड़ी प्रसाद का वितरण न कर सुखा प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### समितियों से धान उठाव में नहीं आ रही तेजी, राइस मिलर्स नहीं डाल रहे हैं उठाव के लिए रिक्वेस्ट

# धान उठाव के लिए नए डीओ काटे जाने पर हो रहा विलंब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी के बाद धान उठाव के लिए विपणन विभाग के द्वारा डीओ काटा जाता है लेकिन वर्तमान में धान का उठाव पुराने डीओ से ही हो रहा है। नए डीओ काटे जाने पर विलंब होने के कारण कई बड़ी समितियों से धान उठाव की प्रक्रिया रफ्तार नहीं पकड़ सकी है। कई केंद्र ऐसे हैं जहां अभी भी 30 से 35 हजार क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है।

राइस मिलर्स के द्वारा धान उठाव के लिए रिक्वेस्ट नहीं डाला जा रहा है जिससे दूरदराज के सहकारी समितियों से धान का उठाव अपेक्षाकृत कम होने के कारण समितियों से धान नहीं उठ पा रहा है। जनवरी में 20 दिन तक मार्कफेड के द्वारा धान उठाव पर रोक लगाए जाने के कारण जिले के सभी 65 उपार्जन केंद्रों में लाखों क्विंटल धान जाम हो गया था। 3 फरवरी से जब धान उठाव की अनुमति दी गई तब राइस मिलर्स के द्वारा पूर्व में काटे गए डीओ को लेकर समितियों से धान उठाव का काम करते रहे और इसलिए राइस मिलर्स आसपास की समितियों से सबसे पहले धान उठाने का काम शुरु किया। फलस्वरुप पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड और कोरबा विकासखंड के दूरस्थ उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव नहीं हो सका। खानापूर्ति के लिए राइस मिलर्स दूर के उपार्जन केंद्रों में 1-2 ट्रक भेज दिया करते थे। जिसमें 6 से 7 सौ बोरी धान ही लोड हो पाता था। उठाव के लिए मिलर्स के द्वारा दूरस्थ उपार्जन केंद्रों के लिए रिक्वेस्ट नहीं डाले जाने के कारण धान का उठाव रफ्तार नहीं पकड़ सका है।



फाइल फोटो

**बढ़ा सूखत का खतरा**

जितने समय तक धान समितियों में खुले आसमान के नीचे धूप में रखा रहेगा उससे धान में सूखत का खतरा बढ़ेगा। एक बोरी धान में 4 से लेकर 8 सौ ग्राम तक धान के वजन में कमी आती है और समितियों में हजारों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे पड़ा है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक समिति को कितने प्रतिशत सूखत का खतरा झेलना पड़ेगा। जितने क्विंटल धान का वजन कम निकलेगा उसकी भरपाई समिति को करनी पड़ेगी।

**बेमौसम बारिश से बचा रहा धान**

इस वर्ष मौसम खराब नहीं होने के कारण बारिश से धान के भीगने का खतरा नहीं रहा। बीते वर्ष बेमौसम बारिश से समितियों में रखे धान के भीग जाने का खतरा बढ़ गया था। इस वर्ष अब तक बेमौसम बारिश नहीं हुई जिससे धान के भीगने और खराब होने की स्थिति निर्मित नहीं होने पर समिति प्रबंधकों ने राहत की सांस ली है। अन्यथा उन्हें धान को बेमौसम बारिश से बचाने के लिए एक बड़ी राशि खर्च करनी पड़ जाती थी।

